फागुन मेले में खाटू जायेंगे | By Sanjeev Kumar (Hansi)

अबके फागुण मेले में हम खाटू जायेंगे
खाटू में जाकर श्याम के हम दर्शन पाएंगे

जयपुर वाली ट्रैन से हम रींगस तक तो जाएंगे
रींगस से लेकर निशान हम पैदल खाटू जाएंगे
आते जाते भक्तों को हम जय श्री श्याम बुलाएंगे
खाटू में जाकर श्याम के हम दर्शन पाएंगे

तोरण द्वार पे जाकर के हम अपना शीश झुकायेंगे
खाटू धाम की माटी को हम माथे से लगाएंगे
श्याम कुण्ड में जाकर के हम डुबकी लगाएंगे
खाटू में जाकर श्याम के हम दर्शन पाएंगे

जय श्री श्याम कहते हुए हम लाइन में लग जाएंगे
जैसे ही नंबर आएगा हम श्याम के दर्शन पाएंगे
संजीव कुमार के संग में हम भी झूमे जाएंगे
खाटू में जाकर श्याम के हम दर्शन पाएंगे

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%ab%e0%a4%be%e0%a4%97%e0%a5%81%e0%a4%a8-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b2%e0%a5%87-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%82-%e0%a4%96%e0%a4%be%e0%a4%9f%e0%a5%82-%e0%a4%9c%e0%a4%be%e0%a4%af%e0%a5%87%e0%a4%82/